CS (MAIN) EXAM:2018

वियोज्य DETACHABLE

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र II)

# PSYCHOLOGY (Paper II)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.


www.examrace.com

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) बुद्धि, अभिक्षमता, तथा उपलब्धि परीक्षणों के बीच समानताओं तथा अन्तरों को स्पष्ट कीजिए ।
Bring out the similarities and differences between intelligence, aptitude, and achievement tests. 10

1.(b) प्रतिबल (दबाव) शारीरिक रोग का कारण बनने में किस प्रकार योगदान देता है ? प्रतिबल के प्रभाव को कम करने वाले कारक के रूप में, आशावाद की भूमिका का विवेचन कीजिए ।
How does stress contribute to the causation of physical illness ? Discuss the role of optimism as factor moderating the impact of stress. 10

1.(c) सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में प्रथम-क्रम तथा द्वितीय-क्रम परिवर्तन के बीच विभेदन कीजिए । क्या कारण है कि द्वितीय-क्रम परिवर्तन ही अकसर सामुदायिक मनोविज्ञान का केंद्रबिंदु होता है ?
In the context of positive social change differentiate between first-order and second-order change. Why is the second-order change often the focus of community psychology ? 10

1.(d) संभव स्मृति एवं संज्ञानात्मक पतन सहित वरिष्ठ नागरिकों के पुनर्वासन में सांस्कृतिक कारकों की क्या भूमिका होती है ? भारत में, इस प्रकार के पुनर्वासन में, परिवार तथा सामाजिक आलंब के महत्व पर टिप्पणी कीजिए ।
What role do cultural factors play in rehabilitation of senior citizens with possible memory and cognitive decline ? Comment on the significance of family and social support in such rehabilitation in India. 10

1.(e) समाज द्वारा हाशिए पर कर दिए गए समुदायों के सशक्तिकरण के लिये, मनोविज्ञानी किन-किन विशिष्ट तरीकों से कार्य कर सकते हैं ?
In what specific ways can psychologists work for empowering the communities that have been marginalized by the society ? 10

2.(a) सेवार्थी (रोगी) की दुर्भीति प्रतिक्रियाओं को कम करने में, क्रमबद्ध असंवेदीकरण की प्रभावोत्पादकता का विवेचन कीजिए । उपयुक्त उदाहरण के साथ अपना उत्तर स्पष्ट कीजिए ।
Discuss the efficacy of systematic desensitization in reducing clients' phobic reactions. Illustrate your answer with suitable example. 15

2.(b) उन्मादी अवसाद विकार की हेतुकी का वर्णन कीजिए । उन्मादी अवसाद विकार के उपचार हेतु चिकित्सीय विधियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन कीजिए ।
Explain the etiology of manic-depressive disorder. Evaluate the suitability of therapeutic methods for the treatment of manic-depressive disorder. 15

2.(c) मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के निर्माण तथा मानकीकरण में विभिन्न चरणों का विवेचन कीजिए । उपयुक्त उदाहरण के साथ अपने उत्तर को सुस्पष्ट कीजिए ।
Discuss the different steps in the construction and standardization of psychological tests. Illustrate your answer with suitable example. 20

3.(a) प्रतिभाशालिता को किस प्रकार पहचाना जाता है तथा भारतीय संदर्भ में ऐसी पहचान में क्या-क्या मुद्दे हैं ? प्रतिभाशालिता किस प्रकार बुद्धि-लब्धि (आई क्यू) तथा सर्जनात्मकता से संबंधित है ?
How is giftedness identified and what are the issues in such identification in Indian context ? How is giftedness related to IQ and creativity ? 15


www.examrace.com

3.(b) आधुनिक मनोगतिक चिकित्सा के विशिष्ट पक्षों का विवेचन कीजिए। विकारों के विविध प्रकारों के उपचार में, यह किस प्रकार सहायक हो सकती है ?

Discuss the distinctive aspects of modern psychodynamic therapy. How can it be helpful in the treatment of diverse array of disorders ? 15

3.(c) क्या प्रभावी अध्यापन-अधिगम को ज्ञान के सहयोगात्मक निर्माण के एक प्रक्रम के रूप में देखा जा सकता है ? भारतीय दशाओं में, ऐसे किसी दृष्टिकोण के कक्षा संरचना एवं प्रबन्धन पर क्या निहितार्थ हैं ?

Can effective teaching-learning be viewed as a process of collaborative construction of knowledge ? What are the implications of such a view on classroom structure and management in Indian conditions ? 20

4.(a) संवेदनशीलता प्रशिक्षण के स्वरूप की व्याख्या कीजिए। संगठनात्मक विकास तकनीक के एक रूप में, इस की उपयोगिता पर टिप्पणी कीजिए।

Explain the nature of sensitivity training. Comment on its utility as an organizational development technique. 15

4.(b) मानसिक रूप से विकलांग के पुनर्वासन में, सामाजिक तथा पर्यावरणीय मध्यक्षेप की भूमिका का विवेचन कीजिए। भारतीय परिस्थितियों में, ऐसे मध्यक्षेप किस कारण निर्णायक हैं ?

Discuss the role of social and environmental intervention in rehabilitation of the mentally challenged. Why are such interventions crucial in Indian settings ? 15

4.(c) कार्य अभिप्रेरण की हर्जबर्ग की थियोरी को स्पष्ट कीजिए। भारतीय परिप्रेक्ष्य में, इस की प्रासंगिकता पर समालोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

Explain Herzberg's theory of work-motivation. Critically comment on its relevance in Indian context. 20

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) मनोवैज्ञानिक संरचना (ढाँचे) का उपयोग करते हुए, भारत में कार्य-जीवन पर सूचना प्रौद्योगिकी तथा संचार माध्यमों के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

Explain, using psychological framework, the impact of IT and mass media on the work-life in India. 10

5.(b) महिलाओं की उद्यमिता के संदर्भ में, कौन से मनोवैज्ञानिक कारक बाधक के रूप में कार्य करते हैं ? उन पर कैसे काबू पाया जा सकता है ?

What psychological factors act as barriers in the context of women's entrepreneurship ? How can they be overcome ? 10

5.(c) खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने हेतु, मनोविज्ञानियों के द्वारा सर्वाधिक सामान्य रूप से सिखाई जाने वाली तकनीकों या कौशलों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the most commonly used techniques or skills psychologists teach to athletes for improving their performance. 10

5.(d) लघु परिवार मानकों से अनभिप्रेरित करने वाले मनोसामाजिक कारकों को स्पष्ट कीजिए।

Explain the psychosocial factors demotivating people from small family norms. 10

5.(e) कुछ उदाहरणों के साथ दर्शाइए कि स्वदेशी ज्ञान तंत्र का उपयोग, जैव-विविधता तथा सांस्कृतिक विविधता के प्रबंधन में किस प्रकार किया जा सकता है ?

With some examples show how can indigenous knowledge systems be used in management of biodiversity and cultural diversity ? 10


www.examrace.com

6.(a) वंचित होना किस प्रकार से पद-सोपान और भेदभाव की सामाजिक संरचना से संबंधित है ? इस का क्षमता, वंचन तथा निर्धनता के साथ क्या संबंध है ?

How is disadvantage related to a social structure of hierarchy and discrimination ? What is its relationship with capability deprivation and poverty ? 15

6.(b) भारत में जाति पूर्वाग्रह के परिप्रेक्ष्य में, कुण्ठा-आक्रामकता परिकल्पना की प्रासंगिकता का विवेचन कीजिए।

Discuss the relevance of frustration-aggression hypothesis in the context of caste prejudice in India. 15

6.(c) भारत में जनजाति समुदायों में शैक्षिक विफलता के कुछ प्रमुख कारकों का विवेचन कीजिए। बंचितों की शिक्षा में किस कारण आत्म-प्रभावकारिता तथा अंतस्थ अभिप्रेरण पर बल दिया जाना आवश्यक होता है ?

Discuss some major factors of educational failure among tribal communities in India. Why must education of the disadvantaged emphasise development of self-efficacy and intrinsic motivation ? 20

7.(a) स्पष्ट कीजिए कि आक्रामक एवं हिंसक व्यवहार के अर्जन तथा अधिगम में जन संचार माध्यम किस प्रकार से योगदान करते हैं। कामोत्तेजक साहित्य के प्रदर्शन और आक्रामकता के बीच के संबंध का परीक्षण कीजिए।

Explain how mass media contribute to acquisition and learning of aggressive and violent behaviour. Examine the relationship between exposure to erotica and aggressiveness. 15

7.(b) भीड़-भाड़ वृद्धि तथा उच्च जनसंख्या घनत्व के मनोवैज्ञानिक-सामाजिक परिणामों को स्पष्ट कीजिए। भारतीय परिप्रेक्ष्य में इस से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिये उपयुक्त नीतियों का सुझाव दीजिए।

Explain the psychosocial consequences of crowding and high population density. Suggest appropriate policies to deal with the related problems in Indian context. 15

7.(c) भारत में सामाजिक एकीकरण को सुगम बनाने/बाधित करने में सांस्कृतिक स्वांगीकरण की भूमिका का समालोचनात्मक वर्णन कीजिए। उपयुक्त उदाहरण से अपना उत्तर स्पष्ट कीजिए।

Critically describe the role of cultural assimilation in facilitating/hindering social integration in India. Illustrate with suitable example. 20

8.(a) भारतीय समाज में स्त्री-पुरुष भूमिका को रूढ़िबद्ध बनाने, स्वयं-पूरक भविष्यवाणी (सेल्फ-फुलफिलिंग प्रोफेसी) करने तथा काँच-छत प्रभाव (ग्लास सीलिंग इफेक्ट) के मध्य संबंध का विवेचन कीजिए।

Discuss the relationship between sex-role stereotyping, self-fulfilling prophesy and glass ceiling effect in Indian society. 15

8.(b) लम्बे समय तक बंचित रहने तथा प्रतिबलपूर्ण दशाओं में कार्य करने के संदर्भ में, सुरक्षा कर्मियों की मनोवैज्ञानिक तंदुरुस्ती की प्रोन्नति में मनोविज्ञानी क्या भूमिका अदा कर सकते हैं ?

What role can psychologist play in promoting psychological well being of defence personnel in the context of prolonged deprivational and stressful condition ? 15

8.(c) उपलब्धि अभिप्रेरणा, उद्यमी व्यवहार तथा आर्थिक विकास के मध्य परस्पर संबंध की व्याख्या कीजिए। समालोचनात्मक रूप से विवेचना कीजिए कि क्या उपलब्धि अभिप्रेरण को प्रशिक्षण के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। प्रासंगिक भारतीय अध्ययनों को उद्धृत कीजिए।

Explain the interrelationship among achievement motivation, entreprenurial behaviour and economic development. Discuss critically as to whether achievement motivation can be enhanced through training. Cite relevant Indian studies. 20

---



www.examrace.com